दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 261 ■ भीलवाड़ा ■ सोमवार 02 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, कृष्ण पक्ष-अष्टमी, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

झुंझुनूं में बड़ा हादसा: सड़क निर्माण के दौरान 11 केवी लाइन से टकराई मशीन, आठ मजदूरों की मौत

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, झुंझुनू

राजस्थान के झुंझुनूं जिले के छापोली में सड़क निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत की सूचना है। हादसा उस समय हुआ, जब रोड़ी मिलाने वाली मशीन 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गई।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन-चार अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुँच गए हैं। झुंझुनूं जिले के छापोली में कदम कुंड की ओर जाने वाली सड़क बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान रोड़ी मिलाने वाली मशीन ऊपर से गुजर रही



11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आ गई। हादसे में आठ मजदूरों की मौत की सूचना सामने आई है। वहीं, तीन-चार मजदूर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हैं और प्रशासनिक अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया।

11 हजार वोल्ट की लाइन से टकराई मशीन

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छापोली में कदम कुंड की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान रोड़ी मिलाने वाली मशीन 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गई। मशीन के बिजली लाइन की चपेट में आने से वहां काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए।

मौके पर जुटे ग्रामीण, अधिकारी रवाना

हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। झुंझुनूं के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुँच गए हैं। प्रशासन की ओर से घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य तथा हादसे की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार, प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने और घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। दोनों नेताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवारों को संबल देने की प्रार्थना की। वहीं, अशोक गहलोत ने हादसे की जांच कराने, जिम्मेदारी तय करने और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

इन 8 लोगों की हुई मौत =: हालेड़ा मंडावरा निवासी हरिराम गुर्जर (30) पुत्र शंकर लाल, मंगलचंद (22) पुत्र गिरधारीलाल गुर्जर, कालूराम गुर्जर (29) पुत्र भीखाराम गुर्जर और पवन गुर्जर (23) पुत्र जगदीश गुर्जर। छापोली निवासी विष्णु सैनी (38) पुत्र नानूराम सैनी, सुरेंद्र उर्फ सुरेश सैनी (30) पुत्र महावीर सैनी, मुकेश सैनी (27) पुत्र शंकरलाल सैनी और फतेहचंद सैनी (32) पुत्र जगदीश।

ये पांच लोग हुए घायल : छापोली निवासी महेंद्र पुत्र बनवारी लाल सैनी, गीता देवी (45) पत्नी मदन लाल मेघवाल, संतरा देवी (35) पत्नी सतीश मेघवाल, गिदाराम (45) पुत्र धन्नाराम सैनी और मंजू देवी (38) पत्नी राजेश कुमार घायल (झुलसे) हैं।

एमजीएच के पालने में आया नवजात, सांसों से जूझ रहा मासूम, बाल कल्याण समिति ने दिया 'सोम' नाम

■ सुबह 7 बजे पालने की घंटी बजी ■ एनआईसीयू वार्ड में उपचार जारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

ममता की छांव से महरूम और अपनों की बेरुखी का शिकार होकर महज कुछ घंटों का एक मासूम जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। शहर के महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर स्थित मातृ एवं शिशु इकाई के बाहर लगे पालना गृह में सोमवार अलसुबह एक अज्ञात नवजात मिला। लाचारी, ठंड और बीमारी से जूझ रहे इस बच्चे को तत्काल अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उसकी जान बचाने के लिए जुटी हुई है। बाल कल्याण समिति ने सोमवार को मिलने के कारण इस बच्चे का नाम 'सोम' रखा है।



अचानक गूंजी घंटी और दौड़े स्वास्थ्यकर्मी

सोमवार सुबह करीब 7 बजे जब पूरा शहर जाग ही रहा था, तभी मातृ एवं शिशु इकाई के पालना गृह का अलार्म अचानक तेज आवाज में बज उठा। घंटी सुनते ही ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षाकर्मी तुरंत पालने की तरफ दौड़े। पालने के भीतर कपड़ों में लिपटा हुआ एक नवजात सिसक रहा था। मौके पर कोई मौजूद नहीं था-उसे जन्म देने वाले या वहां छोड़ जाने वाले अज्ञात लोग खामोशी से ओझल हो चुके थे। बच्चे का शरीर ठंड की वजह से सुन्न पड़ रहा था और वह खुलकर सांस भी नहीं ले पा रहा था। स्थिति की नजाकत को भांपते हुए स्वास्थ्यकर्मियों ने बिना एक पल गंवाए नवजात को सीधे एनआईसीयू वार्ड पहुंचाया, जहां तुरंत वार्मर और ऑक्सीजन सपोर्ट पर लेकर प्राथमिक जीवनरक्षक प्रक्रिया शुरू की गई।

वजन मात्र डेढ़ किलो, प्री-मैच्योर होने की आशंका

शुरुआती स्वास्थ्य परीक्षण में सामने आया कि नवजात लड़का है और उसका वजन महज 1.5 किलोग्राम है, जो सामान्य नवजात शिशु के औसत वजन ढाई से तीन किलो की तुलना में बेहद कम है। अत्यधिक कम वजन और फेफड़ों के पूरी तरह विकसित न होने के कारण बच्चे को सांस लेने में भारी तकलीफ हो रही है। चिकित्सकों के अनुसार, बच्चा समय से पूर्व जन्मा प्रतीत होता है। ठंड के संपर्क में आने और संक्रमण के खतरे को देखते हुए उसे निरंतर सघन निगरानी में रखा गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उसके वाइटल्स स्थिर करने के प्रयास में जुटी है।

सोमवार को मिला, इसलिए नाम पड़ा 'सोम'

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा ने बताया कि सोमवार का दिन होने के कारण समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस मासूम का नामकरण 'सोम' किया है। अध्यक्ष ने कहा कि नवजात की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है। समिति की प्राथमिकता बच्चे को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए अस्पताल अधीक्षक को एक औपचारिक पत्र प्रेषित किया गया है, जिसमें बच्चे के उपचार के लिए वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञों का विशेष मेडिकल बोर्ड गठित करने, चौबीसों घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करने और नियमित हेल्थ बुलेटिन समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

चाइनीज लाइटों के दौर में कुम्हारों का संघर्ष, बना रहे मिट्टी के दीये

सीजन की शुरुआत रही थोड़ी मंदी - दीपोत्सव की तैयारियां हुई तेज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

रोशनी और खुशियों का महापर्व दीपावली इस वर्ष 8 नवंबर को मनाया जाएगा, जबकि पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरुआत 6 नवंबर को धनतेरस के पावन पर्व के साथ हो जाएगी। पर्व को लेकर शहर के बाजारों से लेकर गली-मौहल्लों तक में जबरदस्त उत्साह और चहल-पहल देखने को मिल रही है। लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए बाजारों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। एक तरफ जहां आधुनिक चकाचौंध और सजावटी सामानों से बाजार अटे पड़े हैं, वहीं दूसरी तरफ माटी की सोंधी खुशबू के साथ अपने पुश्तैनी हुनर को जिंदा रखने वाले



कुम्हारों के चेहरों पर इस बार उम्मीद और चिंता की मिली-जुली लकीरें साफ देखी जा सकती हैं।

मौसम की मार से मंदा रहा शुरुआती कारोबार

मिट्टी कला से जुड़े स्थानीय कारीगर मन्नू प्रजापत ने लोकजीवन से बातचीत करते हुए बताया कि उनका यह व्यवसाय पूरी तरह से पुश्तैनी है, जिसके जरिए वे मिट्टी के दीये, कुल्हड़ और अन्य पारंपरिक बर्तन तैयार करते हैं। हालांकि, इस बार त्योहारी सीजन से करीब डेढ़-दो महीने पहले ही काम



शुरू हो जाता है, लेकिन इस वर्ष मानसून कमजोर रहने और मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण सीजन की शुरुआत थोड़ी मंदा रही। कारीगरों का कहना है कि शहरवासियों से उनकी यही अपील है कि वे चीनी या विदेशी वस्तुओं के बजाय अधिक से अधिक दीये जलाएं, जिससे उनके इस पैतृक रोजगार को संबल मिल सके।

महंगाई की दोहरी मार, बढ़ गई लागत

पारंपरिक कुम्हारों के सामने इस समय महंगाई की दोहरी मार है। दीये बनाने के लिए आवश्यक मिट्टी अब शहर के आसपास के तालाबों या मांडल क्षेत्र से मंगवानी पड़ती है, जिसके परिवहन और ढुलाई का खर्च काफी बढ़ गया है। कारीगरों के मुताबिक, एक ट्रैक्टर मिट्टी का खर्च अब 4 से 5 हजार रुपये तक पहुंच गया है। इसके अलावा चाक चलाने, पकाने और अन्य साधनों में भी लागत लगातार बढ़ रही है। इस बढ़ती महंगाई के मुकाबले उन्हें अपने उत्पादों की सही और उचित कीमत बाजार में नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा है।

प्लास्टिक और डिस्पोजेबल से बढ़ रहा पर्यावरण पर संकट

कुम्हार समाज का कहना है कि आज के दौर में चाय और अन्य के लिए प्लास्टिक या कागज के डिस्पोजेबल गिलासों का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जो न केवल उनके पारंपरिक कुल्हड़ों के रोजगार को खत्म कर रहा है, बल्कि शरीर और पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह है। यदि लोग चाय पीने के लिए कुल्हड़ और दीये जैसे स्वदेशी विकल्पों को अपनाएं, तो इससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और कुम्हारों का रोजगार भी फले-फूलेगा।

वोकल फॉर लोकल का आह्वान

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर लोकल और वोकल फॉर लोकल के विजन को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय कारीगरों ने आमजन से पुरजोर अपील की है कि वे इस दीपावली पर विदेशी या चाइनीज लाइटों के स्थान पर देश के ही कारीगरों द्वारा बनाए गए दीयों का अधिक से अधिक उपयोग करें। जब देश का हर नागरिक अपने घर को स्वदेशी माटी के दीयों से रोशन करेगा, तभी इन मेहनतकश कुम्हारों के घरों में भी सच्ची दीपावली की रोशनी पहुंच सकेगी और उनका पुश्तैनी रोजगार सुरक्षित रह पाएगा।

फर्जी मतदान और मतगणना में धांधली को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन

जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले में पंचायत चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब फर्जी मतदान व मतगणना में धांधली के आरोप लगने लगे हैं। इन्हीं आरोपों को लेकर पांसल, धूलखेड़ा (सुवाणा), लुहारिया (मांडल) व बेरां ग्राम पंचायत के लोगों ने आज कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। पांसल के पूर्व सरपंच छोटू जाट, धूलखेड़ा के सरपंच प्रत्याशी गोपाल गुर्जर, लुहारिया के सरपंच प्रत्याशी मुस्तफा खान पठान, बेरां (बनेड़ा) के सुखदेव शर्मा व उपरेड़ा (बनेड़ा) की सरोज कंवर ने ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर जांच करवा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष धनराज गुर्जर भी मौजूद रहे।

लुहारिया पंचायत के सरपंच प्रत्याशी मुस्तफा खान पठान ने सरपंच चुनाव में फर्जी मतदान, राजनीतिक दबाव और मतगणना में भारी धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। पठान और ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चुनाव को निरस्त कर पुनः मतदान कराने तथा नवनिर्वाचित सरपंच को पदभार ग्रहण न कराने की मांग की है। लुहारिया में 24 अक्टूबर को सरपंच के लिए मतदान हुआ था। आरोप है कि विरोधी पक्ष के प्रत्याशी मणिराज सिंह ने स्थानीय राजनीतिक पहुंच और विधायक के करीबी होने का लाभ उठाते हुए पोलिंग पार्टी से मिलीभगत की। मुस्तफा का आरोप है कि शुरुआती गिनती में उन्हें 50 से अधिक मतों से विजयी घोषित किया गया था। बाद में पुनः मतगणना कराकर उन्हें 16 मतों से हरा दिया गया। खारिज मतपत्रों को दिखाने की मांग करने पर भी उन्हें नहीं दिखाया। वैध मतों को विरोधी के पक्ष में डालने का प्रयास किया गया। मतदान केंद्र और मतगणना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे पोलिंगकर्मियों द्वारा बंद करा दिए। मुस्तफा और ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करा लुहारिया पंचायत चुनाव को निरस्त कर पुनर्मतदान कराया जाए। नवनिर्वाचित सरपंच को पदभार ग्रहण न करने दिया जाए। इसी तरह अन्य पंचायतों के प्रत्याशियों ने भी चुनाव में गड़बड़ियों के आरोप लगाकर निष्पक्ष जांच व पुनर्मतदान व मतगणना की मांग की।



हमारी 118 वोटों से जीत घोषित कर दी। फिर तहसीलदार आए और बोला कि आप 65 वोट से हार गए। हमारे से जबरन हस्ताक्षर करवा लिए। जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग है कि हमें एक-एक वोट की पर्ची दिखा दी जाए। वरना हम जरूरत पड़ी तो कोर्ट जाएंगे।

- गोपाल गुर्जर, धूलखेड़ा

भीलवाड़ा जिले में ऐसे कई सरपंच प्रत्याशी थे, जो जीते हुए थे। उन्हें रीकाउंटिंग कराकर हराने का काम किया। इन्होंने पहले ही किस पोलिंग पार्टी को भेजना, किसे हराना-किसे जिताना, ये तय कर लिया था। इन्होंने लोकतंत्र की हत्या की है। ऐसे अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

- धनराज गुर्जर, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष

इनका कहना है...

पांसल में सरपंच चुनाव के दौरान पारदर्शिता नहीं रखी गई। पोलिंग अधिकारी ने रिकाउंटिंग से मना कर दिया। इसके बाद अगले दिन कुछ जले हुए बैलेट पेपर का वीडियो भी वायरल हुआ। मतदान के दौरान पड़े मतों की पुनः गणना की जाए। जो वोट पड़े, उनकी पर्ची दिखाई जाएं।

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में
डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist
डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK). Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK). Ex faculty SMS hospital jaipur.
डॉ. अरुण आर्य खोराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine). Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्क्वायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

WorthyTech SOLUTIONS
DIWALI Offer
GROW ONLINE THIS FESTIVE SEASON
FREE Google Business Profile Setup with any website
Book before 11 November
Websites · E-commerce · Mobile Apps · Digital Marketing
CALL / WHATSAPP +91 99823 76430
www.worthytechsolutions.com
worthytechsolutions@gmail.com
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara - 311001

DR. APURVA'S
COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं
डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD) (BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा
डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
0% COMMISSION
AUTO BIKE CAB AMBULANCE
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

KIA
Certified Pre-Owned
Sandeep Kia
Showroom
Inauguration
Join us for the grand opening of our new showroom and experience the future of mobility.
Monday, 2 Nov 2026
4:00 PM Onwards
Certified Pre-Owned Vehicles powered by
Sandeep Motors
SALES · SERVICE · SMILES · SUCCESS
SMPL Finance
कागज पर नहीं, रिश्तों पर लोन
Sandeep Kia
Near Hyundai Workshop, Chittor Road, Atun, Bhilwara.
72300-91141
Our Branches
Rajsamand | Ajmer Road Bhilwara | Chittor Road Bhilwara | Chittorgarh

न्यूज इन बाक्स

हुतात्मा दिवस पर शिविर में 160 यूनिट रक्त संग्रह



भीलवाड़ा । श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में शहीद हुए रामभक्तों की स्मृति में रक्तदान का आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा किया गया। इसमें 160 यूनिट रक्तदान हुआ। महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि महात्मा गांधी चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूज्य संत श्री बनवारीशरण जी महाराज काठियाबाबा हनुमान टेकरी, एमजी हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ अरुण गौड़, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक अखिलेश व्यास, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया, महानगर सह संयोजक हितेश नाथ, महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेड़िया, उपाध्यक्ष भारत गेंगट और सहमंत्री सौम्या मेहता द्वारा मंत्रोच्चरण के साथ भारत माँ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सोनी ने बताया कि रक्त संग्रह में महात्मा गांधी चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से विहिप बजरंग दल द्वारा कुल 75 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। विभाग मंत्री विजय ओझा ने बताया कि संगठन की दृष्टि से आसींद जिले के बदनौर प्रखंड में 85 यूनिट का संग्रह हुआ। भीलवाड़ा जिले में कुल 160 यूनिट का संग्रह हुआ।

वाल्मीकि कॉलोनी में गौ सम्मान आह्वान अभियान का शुभारंभ



भीलवाड़ा । गौ सम्मान आह्वान अभियान के दौरान वाल्मीकि कॉलोनी, अरिहंत हॉस्पिटल के पास स्थित हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल टांक के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के युवाओं को लक्ष्मी जी का पाठा (गौ माता की तस्वीर) देकर गौ सम्मान आह्वान अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रदेश महामंत्री छीतर मल गेंगट, रामेश्वर टांक, राजा चन्नाल, चेतन गारु, महेश सिंगोलिया, गोपाल चन्नाल, विक्रम चन्नाल, रोहित चंडालिया, अभिषेक गारु, प्रेम सिंगोलिया, अंशु चंडालिया, हर्षित चंडालिया, कमलेश लोट, कमलाबाई चांवरिया, विमला देवी, राजेश पंडित सहित नागरिक उपस्थित थे। सभी ने गौ माता की सेवा और सम्मान का संकल्प लिया।

भगवान बद्री नारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 10 को, छप्पन भोग और भजनों की होगी धूम

भीलवाड़ा। पुराना शहर धानमंडी स्थित प्राचीन श्री बद्री नारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव आगामी 10 नवंबर, मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। संध्या वेला में आयोजित होने वाले इस पावन धार्मिक उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश भदादा के अनुसार, महाआरती के बाद ठाकुरजी को विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों के स्वादिष्ट मिश्रण और दाना-नुक्ती का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। इसके उपरांत यह महाप्रसाद उपस्थित श्रद्धालुओं और भक्तों में वितरित होगा। कार्यक्रम के समापन से पूर्व शाम को भगवती भजन मंडल की ओर से भक्ति रस से सराबोर संगीतमय भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें श्रद्धालु भजनों की मधुर धुनों पर झूमते नजर आएंगे। महोत्सव के तहत संपन्न होने वाले समस्त धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना मुख्य पुजारी गोविंद चौबे के सान्निध्य व देखरेख में वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न कराए जाएंगे। ट्रस्ट ने धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान के दर्शन कर महाप्रसाद ग्रहण करने और पुण्य लाभ कमाने का आह्वान किया है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।



किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भीलवाड़ा ने जीते 4 स्वर्ण और 4 रजत पदक



भीलवाड़ा। उदयपुर में आयोजित द्वितीय लेक सिटी कप किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में भीलवाड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण एवं 4 रजत पदक हासिल किए। कोच अंकित नाथ योगी ने बताया कि प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में विक्रम सिंह राजावत, जय प्रताप सिंह, सूर्यप्रताप सिंह एवं शिवम वैष्णव शामिल रहे। वहीं रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में देवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र खटीक, डूंगर सिंह एवं चंद्रवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पदक जीतकर भीलवाड़ा लौटने पर सभी खिलाड़ियों का डॉ. कन्हैया लाली जाट द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। उन्होंने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेलप्रेमियों ने खुशी जाहिर करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

पीथास में नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच सहित सभी वार्ड पंचों ने ग्रहण किया पदभार



भीलवाड़ा। मांडल तहसील की पीथास ग्राम पंचायत में रविवार को नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती दुर्गेश कंवर, उपसरपंच श्री रामलाल गाडरी सहित सभी वार्ड पंचों ने ग्राम पंचायत भवन में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पीथास सहित मालीखेड़ा एवं स्कूल का खेड़ा के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा सभी गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। ग्रामीणों ने नई पंचायत से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता मिलने की उम्मीद जताई।

अखिल भारतीय स्वदेशी मेला एक जनवरी से, ब्रोशर का विमोचन

उद्घाटन में आएंगे सीएम शर्मा व संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



अखिल भारतीय स्वदेशी मेला एक से 10 जनवरी तक आजाद नगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। 3 लाख स्क्वायर फीट में फैले मेले में लगभग 750 स्टाल्स पर विभिन्न भारतीय उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। संघ के सर कार्यवाहक दत्तात्रेय वसंतराव होसबाले मुख्य वक्ता होंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आरसीएम ग्रुप के चेयरमैन तिलोकचंद छाबड़ा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल उपस्थित रहेंगे। मेले के ब्रोशर का विमोचन आजाद नगर स्थित एक होटल में श्री निंबार्क आश्रम महंत मोहन शरण जी शास्त्री, श्री पंचमुखी दरबार के संत परमेश्वर दास जी महाराज के सान्निध्य तथा मेला आयोजन समिति अध्यक्ष सांसद दामोदर अग्रवाल, मुख्य अतिथि उद्योगपति कृष्ण गोपाल तोषनीवाल, संघ के विभाग संघ चालक चाँदमल सोमानी, मेला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच के जन सांख्यकी लाभांश संयोजक डॉ राजकुमार चतुर्वेदी की उपस्थिति में किया गया। डॉ बी एल जागेटिया ने अतिथियों का परिचय कराया।

निम्बार्क आश्रम के महंत श्री मोहनशरण जी शास्त्री ने कहा कि स्वदेशी मेला अमृत है, ये व्यवसायिक न होकर महायज्ञ है। समाज के प्रत्येक वर्ग एवं सभी समाजबंधुओं को यज्ञ में आहुति देने वाले सहभागी की तरह अपनी भूमिका निभानी चाहिए। मुख्य अतिथि कृष्ण गोपाल तोषनीवाल ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल सामान खरीदने के साथ ही देश को सम्मान देने के लिए है। स्वदेशी सामान उपयोग करेंगे तो हमारे स्वदेशी उद्योग आगे बढ़ेंगे, देश आगे बढ़ेगा।

अध्यक्षता करते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष एवं सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में देश तकनीकी उन्नयन के साथ तीव्र गति से विकास कर रहा है। स्वदेशी आंदोलन को भी इस दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। आगामी स्वदेशी मेले में टेक्नोलॉजी एवं डिफेंस क्षेत्र से संबंधित स्टॉल भी लगाई जानी चाहिए, जिससे हमारे युवा एवं विद्यार्थी इन क्षेत्रों की नवीनतम तकनीकों से परिचित हो सकें और उन्हें नवाचार एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहन मिले। उन्होंने दत्तोपंत ठेंगड़ी के संगठन कौशल एवं उनकी स्वदेशी चिंतनधारा का उल्लेख करते हुए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया।

संघ के विभाग संघ चालक चाँदमल सोमानी ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मेला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच के जन सांख्यकी लाभांश संयोजक डॉ राजकुमार चतुर्वेदी ने कहा कि स्वदेशी अपनाएं। ई कॉमर्स कंपनियों से सामान न खरीदें। स्थानीय व्यापारियों से खरीदें, सभी ये संकल्प लें।



समापन में आएंगे लोकसभा अध्यक्ष व डिप्टी सीएम

मेले के समापन पर 10 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा डिप्टी सी एम दिया कुमारी के आने का है। इसके बीच दस दिन तक भी विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ का मार्गदर्शन मिलेगा। राज्य सरकार के मंत्रियों को भी बुलाया जाएगा।

मेले में दिखेगी देश भर की स्वदेशी की झलक

मेला संयोजक डॉ राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मेले में देशभर से स्वदेशी की 750 स्टॉल लगेगी जो कि अखिल भारतीय स्तर का एक वृहद मेले का भीलवाड़ा में आयोजन होगा। समिति सचिव सीए सुनील सोमानी ने बताया कि मेले में स्वदेशी उत्पादों, लघु एवं कुटीर उद्योगों, उद्यमिता, तकनीकी नवाचार एवं भारतीय परंपरागत उत्पादों को प्रमुखता से स्थान दिया जाएगा।

हर दिन होंगे लोक कला व संस्कृति के कार्यक्रम

मेले में प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर संगोष्ठियां, भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य एवं परंपराओं पर आधारित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। संचालन मेला समन्वयक डॉ देवीलाल साहू ने किया। त्रिलोक श्रोत्रिय ने आभार जताया। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से डॉ रोशन लाल पितलिया, महेश नवल, राजन गहलोत, अजय दरडा, रवि कोली, जानकी माली, श्यामसुंदर डोलिया, दुर्गा लाल सोनी,रेखा सिंगलिया, अंजना जगतिया ललिता मीणा, प्रीति भावना, बनवारी लाल सोनी, रोशन लाल तोतला, डॉ डीएल कास्ट, गणेश प्रजापत, सत्यनारायण वैष्णव, कैलाश अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर यूथ विंग का 'हल्ला बोल' फन फिटनेस इवेंट



भीलवाड़ा । जीतो यूथ विंग भीलवाड़ा द्वारा नवकार ग्रीन्स क्लब हाउस, कांचीपुरम में 'हल्ला बोल - स्वीट, स्माइल,रिपीट' नाम से हाई एनर्ज़ी फन फिटनेस सेशन का आयोजन किया गया।

जीतो यूथ विंग के चीफ सेक्रेटरी अभि जैन ने बताया कि यूथ विंग के चेयरमैन प्रतीक बुलिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के चेयरमेन डॉ संपत जैन एवं चीफ सेक्रेटरी अकिन चौधरी का मार्गदर्शन मिला। अनुभव क्यूरेटर मनीषा मेहता, अनुभव डायरेक्टर सुरभि चोपड़ा एवं सुलैखा जोशी ने विभिन्न मनोरंजक फिटनेस गतिविधियां रिले रेस, रोप बैटल, पार्टनर स्क्वाट, मेडिसिन बॉल टॉस, जुंबा, ऑब्स्टेकल एक्टिविटी, फिटनेस सर्किट एवं विभिन्न टीम गेम्स कराए। टीम पसीना पार्टी ने विजेता बनी। विजेता टीम में आयुषी चौधरी,तमन्ना जैन, प्रज्ञा जैन,शुभी जैन शामिल थे। हल्ला बोल 1.0 की ओवरऑल विजेता आशिता मारू रही।

हरणी में 2 हजार 520 किलो केरी का अचार सीज, केक सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

भीलवाड़ा। जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग का सघन निरीक्षण एवं जांच अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम म खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हरणी गांव स्थित राजश्री गृह उद्योग का निरीक्षण कर लगभग 2520 किलोग्राम केरी का अचार सीज किया। अचार का नमूना लेकर प्रतिष्ठान संचालक को आवश्यक सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया। वहीं, जोधड़ास चौराहा स्थित कैक एंड फैक्ट्री से चॉकलेट ट्रफल केक का नमूना लेकर प्रतिष्ठान को सुधार नोटिस दिया गया। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर भी सघन निरीक्षण कार्रवाई की गई। इस दौरान चित्तौड़ रोड स्थित श्री सांवरिया तेल घानी से सरसों



के तेल, मिर्च पाउडर एवं धनिया पाउडर, वार्ड नंबर 9 स्थित बांकियारानी मिष्ठान भंडार से रसगुल्ले, वार्ड नंबर 18 स्थित लक्ष्मी किराना स्टोर से घी तथा बापू बाजार स्थित महालक्ष्मी मिष्ठान भंडार से मलाई बर्फी का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने एवं आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देश एवं सुधार नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लिए गए खाद्य नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज कुमार मीणा, कुलदीप चौधरी एवं संजय वर्मा उपस्थित रहे। जिले में कहीं भी खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना मिलने पर आमजन जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01482-232643 पर सूचना दे सकते हैं।

सोमानी बने माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश महामंत्री



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

दक्षिण राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के चुनाव चित्तौड़गढ़ जिले के सावा में हुए। चित्तौड़गढ़ निवासी दीपक आगाल प्रदेश अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा निवासी तरुण सोमानी प्रदेश महामंत्री निर्वाचित हुए।

चुनाव अधिकारी राजेन्द्र गगरानी ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन से पश्चिमांचल से भीलवाड़ा के राघव कोठारी निर्विरोध राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री बने। निर्वाचन के पश्चात नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं महामंत्री को पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र झंवर, इकाई अध्यक्ष नारायण लाल समदानी, सुभाष बाहेती, राष्ट्रीय खेल मंत्री शशांक बिड़ला, प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष लोकेश समदानी, नितेश लड्ढ़ा, शांतिलाल डाड ने पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

सारस्वत समाज का दीपावली स्नेह मिलन एवं आनंद उत्सव 15 नवंबर को

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

सारस्वत सेवा मंडल द्वारा सारस्वत ब्राह्मण समाज भीलवाड़ा का दीपावली स्नेह मिलन एवं आनंद उत्सव-26 का आयोजन 15 नवंबर रविवार को कोटा रोड स्थित यश विहार में हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। समाज के इस सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव को लेकर समाज में उत्साह देखने को मिल रहा है।

मंडल के ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि सुबह 8 बजे से ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। रोमांचक खेलकूद प्रतियोगिताएँ होगी। सुरीला संगीत एवं कविता पाठ, एकल एवं सामूहिक नृत्य, अभिनय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएगी। श्लोक वाचन एवं अन्य प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी होगा। परिचय संवाद भी आयोजित होगा। नृत्य में भाग लेने वाली महिलाओं एवं बच्चों के लिए आयोजकों द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल परिवारों को एक-दूसरे से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का एक बेहतरीन मंच भी प्राप्त होता है। सारस्वत परिवारों के बीच आपसी परिचय और संवाद का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

कार्यक्रम के लिए कूपन वितरण कार्य का शुभारंभ हो चुका है। सारस्वत सेवा मंडल के सदस्य घर-घर जाकर कूपन वितरित कर रहे हैं।

दिल्ली में भीलवाड़ा कांग्रेस का दमदार शक्ति प्रदर्शन

जिलाध्यक्ष खटीक के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसजन



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल कांग्रेस रैली में भीलवाड़ा शहर के कांग्रेसजनों ने उत्साह, जोश और संगठनात्मक एकजुटता के साथ भागीदारी निभाई।

शहर जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक के नेतृत्व में भीलवाड़ा से पहुंचे कांग्रेसजनों ने दिल्ली की सड़कों पर रैली के रूप में मार्च करते हुए लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव की आवाज बुलंद की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'वोट बचाओ-देश बचाओ', 'वोट चोर गद्दी छोड़' और 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए। प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव ललित तुनवाल से भी भीलवाड़ा के कांग्रेसजनों की मुलाकात हुई। इस दौरान पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग, मोहम्मद हारून रंगरेज, सेवादल जिलाध्यक्ष एवं पार्षद योगेश सोनी, पार्षद सत्यवीर सिंह, शिवालय घावरी, सुरेश कुमार पारीक, गोपाल खटीक,चन्द्र प्रकाश अमरवाल, लादूलाल बलाई, करिश्मा धौलपुरिया, साधना रंगरेज, आशा सेन, कल्पना धौलपुरिया, वर्षारानी धौलपुरिया, खैमराज पनवा, पुलकित टेलर, मनोज छीपा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

आईएमसीसी ने एक लाख युवाओं तक पहुंचाया सड़क सुरक्षा का संदेश

भीलवाड़ा । अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत द्वारा स्व. मृणाल राठी की स्मृति में वर्ष 2026 को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत एक लाख से अधिक स्कूल के बच्चों, कालेज के युवाओं एवं वयस्क जनों को विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाने का लक्ष्य रखा गया था जो पूर्ण कर लिया गया है।क्लब की भीलवाड़ा जिला शाखा द्वारा 3 नवम्बर को सांय 6.30 बजे स्थानीय कावाखेड़ा स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी की अध्यक्षता, प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुमन सुरेश सोनी एवं कावाखेड़ा स्पोर्ट्स ग्राउंड संचालक एवं बास्केटबॉल के वरिष्ठ प्रशिक्षक विजय बाबेल के मुख्य आतिथ्य में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें उनसे विभिन्न आयु वर्गों में प्रश्न पूछे जाएंगे। हाथों हाथ सर्टिफिकेट व पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में पिछले 20 से अधिक वर्षों से सक्रिय भीलवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार ललित ओझा को सड़क सुरक्षा पर राष्ट्रीय स्तर के जन जागृति भूषण सम्मान भेंट कर अभिनन्दन किया जाएगा।

स्व.दादा गोविन्दरामजी की वरसी मनाई



भीलवाड़ा । पूज्य दादा हेमराज मल झूलेलाल मंदिर द्वारा स्व.दादा गोविन्दरामजी की वरसी मनाई गई। समिति अध्यक्ष गुलशन विधानी ने बताया कि सर्व प्रथम टेउराम भगत द्वारा दादा गोविन्दराम जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर, भगवान झूलेलाल की स्तुति की गई, तत्पश्चात भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। उद्धव दास भगत, मंगाराम भगत, सतीश शर्मा, आदि द्वारा भगवान झूलेलाल के पंजड़े गाकर दादा गोविन्दराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। अंत में महा आरती हुई। इस अवसर पर हीरालाल गुरनानी, हरीश मानवानी, गोवर्धन जेठानी,वीरूमल पुरुषानी, हरीश सखरानी, परमानंद गुरनानी, ओमप्रकाश गुलाबानी, महेश खोतानी, कैलाश कृपलानी,कमल वेशनानी ,शेरू निहलानी, मंगराराम भगत, अशोक केवलानी, मनोहर लालवानी,नाका रामसिंगानिया ,तेजकूमार बाबानी आदि उपस्थित थे।

गौभक्त चितवन व्यास विप्र फाउंडेशन जोन-एफ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

विप्र समाज को एकजुट करने में मिलेगी मजबूती

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

विप्र फाउंडेशन, जोन-एफ में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा



ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से भीलवाड़ा के गौ भक्त, सनातनी एवं समाजसेवी चितवन व्यास (गुड्डू भैया) को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। व्यास की नियुक्ति से विप्र समाज में खुशी के लहर है। व्यास ने बताया कि विप्र समाज की मजबूती के लिए हुए हर संभव प्रयास करेंगे।

विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक सुशील ओझा के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने व्यास की नियुक्ति की। प्रदेश महामंत्री गोविंद स्वरूप उपाध्याय ने नियुक्ति आदेश जारी किए। संगठन ने व्यास से अपेक्षा की है कि वे विप्र फाउंडेशन की रीति-नीति एवं सिद्धांतों के अनुरूप संगठन को नई दिशा प्रदान करेंगे। भीलवाड़ा जिले में संगठन का विस्तार करेंगे। ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में पिरोकर सामाजिक एकता, समरसता एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करेंगे। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा समाजहित में समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों की पालना करते हुए संगठन की गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे। विप्र फाउंडेशन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने तथा समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

योग कक्षा में लिया डिस्पोजल के बहिष्कार का संकल्प

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पतंजलि परिवार द्वारा पथिक नगर के बड़े पार्क में संचालित निशुल्क योग कक्षा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित योग साधकों और आमजन को दैनिक जीवन में 'फिट इंडिया' के मूल मंत्रों को उतारने की प्रेरणा दी गई।

मुख्य अतिथि वार्ड 58 के पार्षद सुभाष सोनी थे। अध्यक्षता मुख्य योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रेम शंकर जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ओमप्रकाश आगाल एवं पूर्व प्रधानाचार्य रेखा आगाल थे।

फिट इंडिया भीलवाड़ा और पतंजलि परिवार ने अनूठी पहल की। दीपावली पर भीलवाड़ा के नागरिकों को शुद्ध और पौष्टिक उत्पाद उपलब्ध कराने के साथ डिस्पोजल का उपयोग कम से काम करने की प्रेरणा देने के लिए निशुल्क स्टील की गिलास



वितरण की जाएगी। सार्वजनिक पार्कों में योग प्राणायाम के लिए निःशुल्क योग कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद सुभाष सोनी ने डिस्पोजल के उपयोग से होने वाले हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित योगाभ्यास, पौष्टिक भोजन, को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य योग शिक्षक प्रेम शंकर जोशी ने उपस्थित सभी योग साधकों और नागरिकों को फिट इंडिया के सौजन्य से स्टील की गिलास वितरित कर अपने जीवन में डिस्पोजल का उपयोग नहीं करने तथा दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने का सामूहिक संकल्प दिलाया। ओमप्रकाश जागेटिया, रमेश बांगड़, रतन सोनी, लीला पंचोली, रेखा मराठा, मनीष सोमानी, कौशल्या पोरवाल और सुशीला बाहेती ने भी डिस्पोजल के हानिकारक प्रभावों पर विचार व्यक्त किये।

यूनेस्को करेगा 'दीपावली सजावट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा की कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली के सानिध्य व जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं जवाहर फाउण्डेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली पर सामूहिक सजावट को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आयोजित 'दीपावली सजावट प्रतियोगिता-2026' का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि यूनेस्को एसोसिएशन पिछले 40 वर्षों से दीपावली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है। सजावट



प्रतियोगिता के लिए निर्णायक कमेटी अतिशीघ्र गठित की जायेगी। सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा ने बताया कि निर्णायक कमेटी 7 से 9 नवम्बर तक बाजार में घूमकर विभिन्न बाजारों का निरक्षण करेगी। सामूहिक सजावट, सर्कल सजावट व व्यक्तिगत सजावट के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थानों का चयन करेगी।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, उपाध्यक्ष पुष्पा सुराणा, नंदकिशोर पारीक, दिनेश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, सह कोषाध्यक्ष हरनारायण माली, संगठन मंत्री कमलेश जाजू, ओम उज्जवल, गोवर्धन वैष्णव, साधना मेलाना, विद्यासागर सुराणा, डॉ. शांतिलाल छापरवाल, विनोद मेलाना सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्तिथ थे। फोटो यूनेस्को

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्प्लेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

बड़े अधिकारियों पर शिकंजा कस कर पुलिस बल सक्रिय हो जाते तभी तो उनसे सच उगलवाया जा सकता है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

बड़े अधिकारियों पर शिकंजा ...

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की इच्छा शक्ति के साथ-साथ ठोस कार्यवाही के लिए विशेष तैयारी की आवश्यकता होती है। जब कभी भी किसी अधिकारी पर कार्यवाही की शुरूआत होती है मान लिया जाता है कि वह आसानी से बच निकलेगा। क्योंकि मुख्यमंत्री एवं सरकार की मंशा कठोर कार्यवाही की इसलिए होती है। ताकि आम जन में यह संदेश पहुंचे कि बाबू चपरासी ही नहीं आईएएस आइपीएस अफसर भी भ्रष्टाचार की जद में आ रहे है तो सरकार ऊपर कार्यवाही करने में संकोच नहीं करेगी। मामला सामने आते ही आम लोगों में उत्सुकता बनी रहती है लेकिन जांच का काम जिन लोगों को सौंपा जाता है वे निष्पक्ष रह कर कार्यवाही करेंगे यह मुश्किल काम प्रतीत होता है क्योंकि वे भी समकक्ष अधिकारी ही है और बजाय समकक्ष को फंसाने के उसे बचाने का रास्ता निकाल ही लेते है। इसलिए लोग भरोसा नहीं कर पाते कि पकड़े गये अधिकारी पर जांच के बाद कड़ी कार्यवाही भी होगी उल्टा परिणाम यह निकलता है कि जांच के बाद साक्ष्य अथवा उचित अभियोजन के अभाव में उसे बाईज्जत बरी कर दिया जाता है यहीं आकर अहसास होता है कि अधिकारी वर्ग ने उसे सहजता से बचा लिया। तब मंत्री मुख्य मंत्री या नेताओं को बेबसी नजर आतीर है कि जिस उम्मीद के साथ कार्यवाही शुरू की, उसे अंजाम तक पहुंचाते पहुंचाते दण्डित करने की बजाय पुरस्कृत करने जैसी स्थिति बन गई।

राज्य सरकार ने विला खरीद प्रकरण में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल के विरूद्ध कार्यवाही को तेज करते हुए उनके बाद उनकी पत्नी और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशाखा माथुर को भी पदस्थापना की प्रतिक्षा ममें एपीओ कर दिया है। एसीबी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उदयपुर के बुझड़ा स्थित अनंता रिसोर्ट में मार्च 2026 में डॉ. माथुर के नाम 10 विला 15-15 लाख रूपये खरीदे गये। वहीं अलवर जिले के अजबगढ़ स्थित अनंता रिसोर्ट में साढ़े 16 लाख रूपये प्रति विला की दर से 8 बिला खरीदे। एसीबी के अनुसार दोनों अधिकारियों व उनके परिजन की ओर खरीदे गये विला की कीमत बाजार मूल्य से काफी कम दिखाई गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अब दोनों की सम्पतियों की पड़ताल करेगा। एसीबी ने जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र को सौंपी है। एसीबी उदयपुर में खरीदे जिनकी खरीद, की मद और आय के स्त्रोत की जांच की जाएगी। पद के दुरूपयोग और आये से अधिक सम्पत्ति से जुड़े पहलुओं की जांच होगी। एसीबी की तैयारी इनहें बचाने की नहीं आप के स्त्रोत की भी जांच की जाएगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि वरिष्ठ अधिकारियों के लेन-देन में सत्ता के दुरूपयोग तथा लोगों को राहत पहुंचाने की भी चिंता स्वाभाविक है।

कड़वी घूंट -सूरज

दबाव में अधिकारी ...

भ्रष्ट अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की शुरूआत हुए बिना उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपने कार्यकाल में सक्रिय रही भारत माता के जीवन में मिठास घोलने का अवसर आया तो प्रकृति नहीं मानो दुश्मनी निभानी शुरू कर दी।

विपरित इसके चाहे कितना ही भरोसा दर्ज किया जाय अथवा सीमा रेखा के अपने को बचाया जाय अथवा सीमा रेखा के बीच अपने को बचाया जाय लेकिन पुख्ता सबूत और गवाही के बाद ध्यान आकर्षित हो रहा था कि आगे चल कर मामला या तो ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। या फिर कठोर कार्यवाही के लिए सक्षम अधिकारियों को ढूंढा जा रहा है ताकि उनकी निष्पक्षता की छवि भी बरकरार रहे और कार्यवाही भी आसानी से हो सके।

हां आईएएस और आईपीएस अधिकारी के साथ कौन पहुंचेगा यह जरूरी नहीं है लेकिन यह जरूर तय हो चुका कि अधिकारियों की मांग बढ़ रही है मांग ज्यादा है और रसगुल्ला फिर से सक्रिय हो रहा है कि जांच के लिए तैयार किये गये जानकार पर न केवल जीत का बल्कि दबाव इस बात का रहता है कि अपने समान अधिकारी को केसे भी बचाया जाय। अब यह आप जानो कि जिसे कार्यवाही के लिए तैनात किया गया, वह ही दबाव में आ जाता है तब अन्य प्रान्तों के अधिकारियों या जज को जांच सौंपी जाय ताकि पक्षपात की संभावना समाप्त हो सके।

18 वर्ष बाद जन्मभूमि इंदौर में दीपावली मनाएंगे जगतगुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगतगुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज ने संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि वे 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस वर्ष दीपावली का पर्व अपनी जन्मभूमि इंदौर में मनाएंगे। इंदौर में आयोजित एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए स्वामी रामदयाल जी महाराज ने कहा कि संतों का सानिध्य परमात्मा से मिलन की प्रथम सीढ़ी है। संतों के संग से जीवन में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव और सकारात्मक विचारों का संचार होता है। स्वामी जी ने श्रद्धालुओं का आह्वान करते हुए कहा कि दीपावली के पावन अवसर पर हमें अपने घरों की स्वच्छता और साज-सज्जा के साथ-साथ मन के विकारों एवं बुराइयों को दूर करने का संकल्प भी लेना चाहिए। इंदौर में दीपावली मनाने के लिए 18 साल के लंबे इंतजार का उल्लेख करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि इंतजार का फल हमेशा मीठा होता है। इस यात्रा के दौरान उनके साथ संत कार्यवाहक भंडारी जगवल्लभ राम जी भी इंदौर में उपस्थित हैं। स्वामी जी ने यह भी बताया कि सोमवार को इंदौर में चिकित्सकों से परामर्श के बाद उनका स्वास्थ्य उपचार प्रारंभ होगा। उल्लेखनीय है कि आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज का जन्म 26 सितंबर 1956 को इंदौर में हुआ था और उनके बचपन का नाम राधेश्याम था। गोरा कुंज रामद्वारा में संत समुख राम जी के सानिध्य में आने के बाद उनका झुकाव आध्यात्मिक जीवन की ओर हुआ। तत्पश्चात 17 वर्ष की आयु में चित्तौड़गढ़ में संत भगत राम जी से दीक्षा ग्रहण करने के बाद उनका नाम रामदयाल रखा गया। मात्र 37 वर्ष की आयु में 20 जनवरी 1994 को वे रामस्नेही संप्रदाय, शाहपुरा रामद्वारा के 15वें आचार्य पद पर आसीन हुए थे।

सरदार पटेल की जयंती पर पीएम श्री विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। प्रार्थना सभा में कार्यक्रम प्रभारी इंदिरा जैन ने सरदार पटेल की जीवनी और प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डाला, जिसके बाद कक्षा 9 और 11 की छात्राओं ने भी उनके जीवन पर अपने विचार रखे। इस दौरान कक्षा 8 की छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया और सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सरदार पटेल के व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और देश की 562 से अधिक रियासतों के एकीकरण में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया। उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से छात्राओं को दृढ़ संकल्प, साहस, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल के जीवन एवं उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उनकी जीवनी और योगदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह बारेठ ने इस अवसर पर अपने प्रेरक विचार साझा किए और कार्यक्रम का संचालन इंदिरा जैन ने किया। अनेकता में एकता ही भारत की पहचान है के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त छात्राएं और पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। इस प्रकार यह आयोजन छात्राओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना जागृत करने में पूरी तरह सफल रहा।

नन्हे मुन्ने बालकों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बिखेरे जलवे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

अपेक्स एकेडमी स्कूल में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्य म के मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश कुमावत रहे, जबकि निर्णायक की भूमिका डॉ. ओमप्रकाश कुमावत और विजयेत्री क्लासेज के निदेशक राघव कुमावत ने निभाई। प्रतियोगिता में बच्चों ने भगवान राम, झांसी की रानी, अहिल्याबाई, श्री कृष्ण के साथ-साथ डॉक्टर, फौजी और कलेक्टर जैसे विभिन्न आकर्षक रूप धरकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण को शुद्ध रखने का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। प्रतियोगिता के परिणामों में हिमाक्ष पंचोली, पथिक गौतम, इनाया बानू, प्रार्थना सिंह, वंशिका सोनगरा और अन्य बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अद्विका कुमावत, तेजस शर्मा, रियांशी समेत अन्य ने उप-विजेता का खिताब जीता। सम्राट लड़ा, मोहम्मद अहद, दृष्टि सुवालका आदि बच्चों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. कुमावत ने कहा कि बचपन से ही ऐसे मंच मिलने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और वे भविष्य में देश के विकास में अहम योगदान देते हैं। कार्य म के अंत में विद्यालय की निदेशक मधुबाला कुमावत और प्रधानाचार्य हेमेंद्र कुमावत ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया।

सांवरिया सुपर किंग्स फाइनल मे रहा चैंपियन 1 लाख 51 हजार मिला पुरस्कार



गुलाबपुरा। गुलाबपुरा चैंपियंस लीग का फाइनल मैच दशहरा मैदान में खेला गया। सात दिवसीय गुलाबपुरा चैंपियंस लीग में सेमीफाइनल मैच सांवरिया सुपर किंग्स वर्सेस शिवम कंस्ट्रक्शन के मध्य खेला गया, जिसमें सांवरिया सुपर किंग्स विजेता रही। चैंपियंस लीग के समापन के अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि व सांवरिया मल्टीवेंचर लिमिटेड चेयरमैन राजाराम वैष्णव के मुख्य आतिथ्य में क्रिकेट मैच का समापन हुआ। फाइनल मैच में सांवरिया सुपर किंग्स विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 61 हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। क्रिकेट मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम ओर खिलाड़ी को अलग से पुरस्कृत किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीम ओनर को चेयरमैन प्रतिनिधि राजाराम वैष्णव ने ट्राफी प्रदान की। । क्षेत्र में सामाजिक एवं खेलकूद से जुड़े आयोजनों में हमेशा बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाते वाले सोनू खटीक अपनी ओर से आकर्षक पुरस्कार वितरित किये। समापन कार्यक्रम राहुल चोरड़िया, महेंद्रसिंह जामोला, सोनू खटीक,पीयूष मेवाडा,इत्यादि खिलाड़ी सहित शहर के क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे ।

इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल को किया याद



शाहपुरा। प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय संकल्प दिवस तथा भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा बालाजी की छतरी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पुष्पांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और जनसेवा के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका एवं नगर कांग्रेस रमेश सेन, वरिष्ठ नेता अजय मेहता, अनिल पुंडरीक, पार्षद किशन कहार, नाथू कोली, लादूलाल खटीक, चेतन रैगर, सुनील मिश्रा, प्रेम कहार, ओम सिंधी, चंद्रप्रकाश रैगर एवं पुष्पेंद्र सिंह मौजूद रहे।

सरपंच मंजू देवी व उपसरपंच सत्यनारायण तेली ने किया पदभार ग्रहण



शाहपुरा। विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरदारनगर में नवनिर्वाचित सरपंच मंजू देवी और उपसरपंच सत्यनारायण तेली ने वार्ड पंचों के साथ विधिवत पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार सुबह हवन से हुई, जिसके बाद चारभुजानाथ मंदिर से ग्राम पंचायत भवन तक विजय जुलूस निकाला गया। समारोह में मुख्य अतिथि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल रहे, जबकि अध्यक्षता उपसरपंच सत्यनारायण तेली ने की। कार्यक्रम में दादू द्वारा के महंत रामदास जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ और बनेड़ा नगरपालिका अध्यक्ष गोपाल चरण सिसोदिया सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

संवेदना व संस्कार माहेश्वरी समाज के आधार, नैतिकता का नहीं करें त्याग- नुवाल

22 करोड़ की लागत से निर्मित आनंदम भवन का लोकार्पण, माहेश्वरी समाज के संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना पर जोर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





माहेश्वरी समाज के सेवा प्रकल्प के तहत लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सर्वसुविधायुक्त आनंदम भवन का लोकार्पण संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ पद्मश्री से सम्मानित देश के प्रमुख उद्योगपति सत्यनारायण नुवाल ने फीता काटकर किया, जबकि अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा ने की।

लोकार्पणकर्ता पद्मश्री सत्यनारायण नुवाल ने अपने मुख्य संबोधन में कहा कि माहेश्वरी समाज संख्या में छोटा होने के बावजूद शिक्षा, समृद्धि और नैतिकता के मामले में देश भर में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने नई पीढ़ी में बढ़ती भौतिक समृद्धि के बीच घटती संवेदनाओं और संस्कारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वार्थ की मनोवृत्ति मनुष्य को आन्तरिक रूप से दीनहीन बना देती है। जीवन में सफलता और नैतिकता में से किसी एक को चुनने की स्थिति आने पर हमेशा नैतिकता का साथ देना चाहिए, क्योंकि नैतिकता से सफलता स्वतः मिल जाती है। इसलिए संवेदना व संस्कार माहेश्वरी समाज का आधार है। साथ ही नैतिकता का त्याग नहीं करना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महासभा के सभापति संदीप काबरा ने कहा कि भीलवाड़ा का माहेश्वरी समाज अन्य स्थानों के लिए एक रोल मॉडल बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के लिए राष्ट्र हमेशा सर्वोपरि रहा है और यह भवन केवल मांगलिक आयोजनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य और विकास की रूपरेखा तय करने का एक प्रमुख प्रेरणा केंद्र बनेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आगामी 14 नवंबर को इसी आनंदम भवन में आयोजित की जाएगी। स्वागत उद्बोधन में जिला महेश सेवा निधि के अध्यक्ष रामपाल सोनी ने भवन निर्माण की पूरी यात्रा साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2007 के महाधिवेशन में परिलक्षित इस सपने को साकार करने का शिलान्यास वर्ष 2023 में बिड़ला ग्रुप की चेयरपर्सन राजश्री बिड़ला ने किया था। यह आधुनिक भवन भविष्य की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जो बेहद वाजिब दरों पर उपलब्ध होगा। सांसद दामोदर अग्रवाल और नगर निगम महापौर जसवंत कंवर ने भी समाज के इस सामाजिक एवं आर्थिक योगदान की सराहना की। समारोह के दौरान भवन निर्माण में तन-मन-धन से सहयोग देने वाले प्रमुख भामाशाहों को शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हैदराबाद से पधारे समाजसेवी महेश बल्दवा, कैलाश कोठारी, भरत तोतला, ममता मोदानी, नारायण राठी, अरुण भांगड़िया, शंकरलाल बाहेती, उप महापौर राधेश्याम सोमानी, अनिल ईनाणी, सुभाष बहेड़िया सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन जगदीशप्रसाद कोगटा ने किया तथा आभार ज्ञापन निधि के मंत्री प्रहलाद राय ने किया। लोकार्पण के तुरंत बाद अतिथियों ने भवन के विभिन्न कक्षों और निर्माण गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया।

आम सूचना Date: 02/11/2026

मेरे व्यवहारी रविन्द्र सिंह गौड पुत्र फूल सिंह गौड निवासी सी-74, नजदीक राज टेलर, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज.) से प्राप्त हिदायत एवं निर्देशानुसार हर खास आम को सूचित करता हूँ कि मेरे व्यवहारी के आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजो में मेरे व्यवहारी का नाम रविन्द्र सिंह गौड (Ravindra Singh Goud) है जो सही है। मेरे व्यवहारी ने अपना एक पासपोर्ट बनवाया जिसमें मेरे व्यवहारी का नाम रविन्द्र सिंह गौड (Ravindra Singh Gour) अंकित हो गया जबकि मेरे व्यवहारी सही उपनाम रविन्द्र सिंह गौड (Ravindra Singh Goud) ही है। अतः मेरे व्यवहारी को उसके सही नाम रविन्द्र सिंह गौड (Ravindra Singh Goud) से ही जाना, पहचाना जावे और भविष्य में मेरे व्यवहारी के कोई भी दस्तावेज में नाम रविन्द्र सिंह गौड (Ravindra Singh Goud) ही जारी / निष्पादित/अंकित किया जावे। सो सूचित रहे।

शरद शुक्ला, एडवोकेट
मो.नं. 99834-14498

गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

भीलवाड़ा। जिले के गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसका चेहरा पहचानने योग्य भी नहीं बचा। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक ने ब्राउन रंग की शर्ट और ब्लैक रंग का पजामा पहन रखा था। तलाशी लेने पर उसके पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला।

करेड़ा में पैंथर का खौफ बरकरार, बैल और बछड़े को बनाया निवाला

भीलवाड़ा। करेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिताम्बा में पैंथर का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। जंगली शिकारी द्वारा आए दिन मवेशियों को निशाना बनाए जाने से लोग दहशत में हैं। बीते दिनों संजाड़ी गाँव में बैल और रविवार को रलायता गाँव में एक बछड़े को पैंथर ने अपना शिकार बना लिया

सड़क दुघर्टनाओं को रोकने के लिए चालक प्रशिक्षण आवश्यक - परिवहन आयुक्त शर्मा



बिजयनगर। सड़क दुघर्टनाओं को रोकने के लिए अलग-अलग स्तर पर चालक प्रशिक्षण आवश्यक है। यह उद्गार सड़क सुरक्षा व परिवहन आयुक्त पुरषोत्तम शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर स्थित सिघावल चौराहे पर स्थित संभागीय चालक प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा कर किए। चालक प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण भारत सरकार की पीपीपी योजना के तहत निर्मित संस्थान केंद्र का अवलोकन करते हुए कहा कि केंद्र के पूरे इंफ्रा का अधिकतम उपयोग लेने के लिए चालकों को प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण रत चालकों से संवाद कर प्रशिक्षण की जानकारी ली। परिवहन आयुक्त शर्मा ने एकदिवसीय प्रशिक्षण की सराहना करते हुए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण योजना पर जोर दिया। जिसके कारण कुशल चालक पूर्ण ज्ञान पाकर प्रशिक्षण केन्द्र से निकले। केंद्र की निदेशक ऋतु चौहान ने बताया कि सीएस आर योजना के तहत श्री राम सेवा संकल्प के तहत 34 हजार चालकों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा चुका है। संभागीय चालक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रबधन ने सिंघावल चौराहे पर बस स्टापेज , केंद्र व राज्य सरकार से अपेक्षित सहयोग दिलाने की मांग भी रखी। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा वीरेंद्र सिंह राठौड़, राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी के सचिव प्रकाश शर्मा, केंद्र प्रबंधक विजय कुमार सहित अन्य कर्मचारी व चालक भी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः आवास/ UIT-BHLWRA/FY26-27/MUT/4391 दिनांक : 15-10-2026

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा श्री ललित सिंह चुण्डावत पिता श्री गोपाल सिंह चुण्डावत को न्यास की NEHRU VIHAR(L.I.G) योजना में आवास गृह/ फ्लेट संख्या 14/74 साईज 20x40=88.88 वर्गगज जरिये लॉटरी दिनांक 14.09.2013 को आवंटन किया गया।

आवंटी / नामान्तरणधारी श्री ललित सिंह चुण्डावत के द्वारा आवास गृह /फ्लेट संख्या 14/74 साईज 20x40=88.88 वर्गगज श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री राजू लाल तेली को दिनांक 11.07.2023 को पंजीकृत विक्रय किया गया, श्रीमती पुष्पा देवी के द्वारा श्रीमति मधु बाला बियानी पत्नी श्री राम नारायण बियानी को दिनांक 18.12.2023 को पंजीकृत विक्रय किया गया।

अन्तिम क्रेता श्रीमति मधु बाला बियानी पत्नी श्री राम नारायण बियानी के द्वारा उक्त आवास गृह के नामान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में अपनी उजर / ऐतराज मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5171

आम सूचना

एतदद्वारा श्री गंगा सिंह चुण्डावत पिता श्री करण सिंह चुण्डावत राजस्व ग्राम आटूण की आराजी 1272 गैर योजना में भूखण्ड संख्या बी-9 साईज 191.66 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा जारी किया गया था।उक्त भूखण्ड श्रीमती सुशीला देवी बाबेल पत्नी रतनसिंह एवं श्रीमति रीतू बाबेल पत्नी श्री रिषभ बाबेल को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री रामनारायण सुखववाल पिता श्री भंवर लाल सुखववाल द्वारा नामान्तरण चाहा है। श्री रामनारायण सुखववाल पिता श्री भंवर लाल सुखववाल के द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5070

आम सूचना

एतदद्वारा श्रीमती सुमन कुमारी पत्नी श्री मनोहर कुम्हार राजस्व ग्राम केवाड़ा की आराजी 335 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 47 साईज 86.66 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती सोनिया पुत्री श्री रामेश्वर लाल सांसी पत्नी श्री शिव लाल सांसी को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्रीमती नैना वर्मा पत्नी श्री भारत सिंह चौहान द्वारा नामान्तरण चाहा है। श्रीमती नैना वर्मा पत्नी श्री भारत सिंह चौहान द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5101

आम सूचना

एतदद्वारा श्रीमती रेणु पारीक पत्नी सुनिल कुमार पारीक राजस्व ग्राम पांसल की आराजी 2600/1, 2603 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 49 साईज 66.66 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा जारी किया गया था।

उक्त भूखण्ड श्रीमती रेखा सुथार पत्नी मदन लाल सुथार को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्रीमती कांता देवी पत्नी श्री देवी लाल बैरवा द्वारा नामान्तरण चाहा हैं।श्री शिवराज प्रजापति आत्मज श्री श्योजीराम प्रजापति के द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज /आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

बैरवा समाज विकास संस्थान शाहपुरा (राज.)

प्रधान कार्यालयः 128 बैरवा मोहल्ला वीलिया (शाहपुरा) राजस्थान

क्रमांक : बै.स.वि.सं. शाह/2026-27/14 दिनांक 30.10.2026

निविदा सूचना

बैरवा समाज विकास संस्थान शाहपुरा [भीलवाड़ा] के तत्वावधान में उम्मेद सागर रोड़ शाहपुरा में बैरवा समाज के छात्रावास भवन निर्माण हेतु सील बंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्तों की सूचना कार्यालय समय में आकर दिनांक 01/11/2026 से दिनांक 07/11/2026 शाम 5 बजे तक श्री देबी लाल बैरवा 53, BSNL टावर के पास शाहपुरा से प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 08/11/2026 को दोपहर 12:00 बजे शाहपुरा स्थित छात्रावास भूखंड पर निविदाए खोली जायेगी।

नन्दलाल बैरवा, अध्यक्ष — जगन्नाथ बैरवा, सचिव — रामदेव बैरवा, कोषाध्यक्ष

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5065

आम सूचना

एतदद्वारा श्री सुशील पुत्र श्री उगर सिंह गोखरू राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी 2405 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 50,51,52,53 की साईज 45+38/2x85+95/2=415.00 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

भूखण्डधारी श्री सुशील पुत्र श्री उगर सिंह गोखरू द्वारा उपविभाजन कर भूखण्ड संख्या बी साईज 22.5x40=100 वर्गगज का विक्रय कर दिया श्रीमती रेख मोगरा पत्नी कमल मोगरा इनके द्वारा विक्रय कर दिया श्रीमती मीना दक पत्नी सतीरा कुमार दक इनके द्वारा विक्रय कर दिया श्रीमती पुनम लछवानी पत्नी रमेशचन्द्र लछवानी इनके द्वारा नामान्तरण चाहा है।

श्रीमती पुनम लछवानी पत्नी रमेशचन्द्र लछवानी द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

बिजौलिया में युवक ने फंदे पर झूलकर दी जान, शाहपुरा में शिक्षाकर्मी ने तोड़ा दम

भीलवाड़ा। जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई. पहली घटना बिजौलिया थाना क्षेत्र की है, जहाँ सलावाटिया निवासी कैलाश चंद्र (35) पुत्र भवानी धाकड़ घर पर अकेला था जब परिवार के अन्य सदस्य खेत गए हुए थे. उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर ओढ़नी का फंदा बनाया और पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली. दोपहर बाद भाई के लौटने पर घटना का पता चला। दूसरी घटना शाहपुरा की है, जहाँ शिक्षा विभाग में कार्यरत कोमार्क (37) पुत्र नारायण की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

Political Party Registration No.56/192/2022-2023/PPS-IV PAN AAKAR1170K

राष्ट्रीय सर्व मंच संगठन

केन्द्रीय कार्यालय प्लाट नंबर- SB 82
फ्लैट नंबर- ST-1, सनराईस सिटी निवारू रोड झोटवाडा जयपुर

कार्यकारिणी भंग की सूचना

मैं देवेंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सर्व मंच संगठन एतद द्वारा राष्ट्रीय सर्व मंच संगठन की समस्त कार्यकारिणी, जिनमें जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय कार्यकारिणी शामिल है, को अपने विधिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए तुरंत प्रभाव से आज दिनांक 1 अक्टूबर 2026 को भंग करता हूं। साथ ही राष्ट्रीय सर्व मंच संगठन से जुड़े व संबंधित सभी संगठन, मोर्चा, प्रकोष्ठ तथा समितियों को भी तत्काल प्रभाव से भंग करता हूं। आज के बाद से राष्ट्रीय सर्वमंच संगठन से संबंधित सभी पद (राष्ट्रीय अध्यक्ष को छोड़कर) रिक्त घोषित किए जाते हैं। आज के बाद से राष्ट्रीय सर्वमंच संगठन का कोई भी संबंधित पदाधिकारी राष्ट्रीय सर्वमंच संगठन में धारित किसी भी पद, संबंधित अधिकारों, राष्ट्रीय सर्वमंच संगठन के नाम तथा सील का उपयोग नहीं कर सकेगा। किसी भी सदस्य या संबद्ध पदाधिकारी द्वारा यदि इस आदेश की अवहेलना की जाएगी तो यह पार्टी की संविधान के विपरीत माना जाएगा और पार्टी से उसकी सदस्यता जीवनपर्यंत के लिए समाप्त कर दी जाएगी। राष्ट्रीय सर्वमंच संगठन के सभी सदस्यों की सदस्यता यथावत जारी रहेगी। रिक्त पदों पर नियुक्ति विधिसम्मत तरीके से पार्टी के संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के तहत की जाएगी। नवीन चुनाव के लिए शीघ्र ही अधिसूचना जारी की जाएगी।

स्थान : जयपुर/भीलवाड़ा
दिनांक : 1 अक्टूबर, 2026

हस्ताक्षर
देवेंद्र सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय सर्वमंच संगठन

स्टार प्लस के नए शो दिल की बेवफाइयाँ में पहली बार साथ दिखेंगे गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या



मुम्बई। टेलीविज़न जगत के दो लोकप्रिय चेहरे, गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या जल्द ही स्टार प्लस के नए रोमांटिक पारिवारिक ड्रामा दिल की बेवफाइयाँ में एक साथ मुख्य भूमिका निभाते नज़र आएँगे। टीज़र के सामने आने के बाद से ही इस शो को लेकर दर्शकों में भारी उत्सुकता बनी हुई है। इस धारावाहिक का निर्माण एकता कपूर की प्रसिद्ध प्रोडक्शन कंपनी बालाजी टेलीफिल्म्स कर रही है। यह पहला मौका है जब गौरव और श्रद्धा ऑन-स्क्रीन एक साथ जोड़ी बनाते दिखाई देंगे।

गौरव खन्ना जहाँ अपने चर्चित शो अनुपमा के बाद डेली फिक्शन में वापसी कर रहे हैं, वहीं श्रद्धा आर्या कुंडली भाग्य के लंबे सफर के बाद पुनः मुख्य धारा के धारावाहिक से जुड़ रही हैं। श्रद्धा के लिए बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ यह दूसरा अनुभव है, जबकि गौरव खन्ना पहली बार एकता कपूर के किसी धारावाहिक में काम करने जा रहे हैं। इस नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लेकर निर्माता एकता कपूर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि वे लंबे समय से इन दोनों प्रतिभाशाली कलाकारों को एक साथ पर्दे पर देखना चाहती थीं और अब उन्हें दर्शकों की संभावित प्रतिक्रिया को लेकर खुशी के साथ-साथ थोड़ी उत्सुकता भी महसूस हो रही है।

शो के निर्माण से जुड़ी तैयारियाँ इन दिनों ज़ोरों पर हैं। हाल ही में दोनों मुख्य कलाकारों ने इस नए प्रोजेक्ट की शुरुआत से पूर्व एक विशेष पूजा में भाग लिया था, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चित रहे। हालाँकि शो की शूटिंग अभी आधिकारिक तौर पर शुरू नहीं हुई है; फिलहाल क्योंकि सास भी कभी बहू थी के सेट में इस नए शो की आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन किए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, दिल की बेवफाइयाँ को नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह में प्रसारित करने की योजना बनाई जा रही है। ऐसी संभावना है कि यह धारावाहिक स्टार प्लस पर रात 9 बजे के प्राइम टाइम स्लॉट में दिखाया जाएगा। यद्यपि धारावाहिक की निश्चित लॉन्च तिथि और समय को लेकर अभी चैनल की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतज़ार किया जा रहा है।

विभिन्न ब्रांड के फैशन और जीवनशैली उत्पाद किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराना ब्रांडेड फैक्ट्री का मुख्य उद्देश्य - डॉ. बिन्द्रा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भारत के छोटे और मध्यम उद्यमों को आर्थिक विकास का मुख्य आधार मानते हुए उद्यमिता को नई दिशा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। डॉ. विवेक बिंद्रा के नेतृत्व वाले संस्थान बड़ा बिजनेस की निवेशित और आइडिया टू आईपीओ पहल से जुड़ी प्रमुख कंपनी ब्रांडेड फैक्ट्री ने राजस्थान के भीलवाड़ा में 1.10 लाख वर्गफुट के विशाल स्टोर का शुभारंभ किया है। इस भव्य उद्घाटन समारोह में डॉ. विवेक बिंद्रा, ब्रांडेड फैक्ट्री के सह-संस्थापक एवं बड़ा बिजनेस के सीईओ, महाराज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, सांसद व अभिनेता रवि किशन, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, कुलदीप सिंघानिया, हर्षवर्धन जैन, देवी चित्रलेखा और अभिनेता शोभिना सत्या सहित देश की कई जानी-मानि हस्तियां मौजूद रहीं। इस अवसर पर ग्राहकों के लिए





विशेष ऑफर पेश किए गए, जिसके तहत विभिन्न उत्पादों पर 90 प्रतिशत तक की भारी छूट दी गई।

उद्यमी बसंत गांधी द्वारा स्थापित ब्रांडेड फैक्ट्री का मुख्य उद्देश्य एक ही छत के नीचे विभिन्न ब्रांडों के फैशन और जीवनशैली उत्पाद किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराना है। भीलवाड़ा स्टोर के शुरू होने के बाद राजस्थान और गुजरात में कंपनी का कुल खुदरा नेटवर्क बढ़कर लगभग 2.50 लाख वर्गफुट हो गया है। इसमें भीलवाड़ा का 1.10 लाख वर्गफुट, वडोदरा का 1 लाख वर्गफुट और नवसारी का 40 हजार वर्गफुट का स्टोर शामिल है। भीलवाड़ा से भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही यह कंपनी महानगरों के साथ-साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी अपने कारोबार का तेजी से विस्तार कर रही है। भविष्य की योजनाओं के तहत गोधरा में लगभग 40 हजार वर्गफुट और भावनगर में 36 हजार वर्गफुट के नए स्टोर प्रस्तावित हैं, साथ ही अहमदाबाद, सूरत और वापी जैसे शहरों में भी विस्तार की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। कंपनी का यह विस्तार बड़ा बिजनेस की महत्वाकांक्षी आइडिया टू आईपीओ पहल का एक अहम हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य उन छोटे और मध्यम उद्यमों को तैयार करना है, जिनमें शेयर बाजार के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने की क्षमता है। इसके तहत कंपनियों को वित्तीय अनुशासन, परिचालन व्यवस्था, कॉरपोरेट प्रशासन और दीर्घकालिक कारोबारी रणनीतियों में मजबूत बनाया जाता है, ताकि वे पूंजी बाजार के अवसरों का लाभ उठा सकें। उद्घाटन अवसर पर डॉ. विवेक बिंद्रा ने कहा कि देश में उद्यमिता की असीम संभावनाएं हैं और सही रणनीतिक दिशा मिलने से ये कंपनियां राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। इस बड़े खुदरा स्टोर में परिधान, जूते-चप्पल, फैशन एसेसरीज, होम डेकोर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी विभिन्न श्रेणियां एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतरीन खरीदारी अनुभव मिल रहा है।

गुरु मां सावित्री देवी की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



बिजयनगर। स्थित बाड़ी माताजी तीर्थ धाम की मुख्य उपासक स्व. गुरु मां सावित्री देवी टाक की पुण्य स्मृति में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भावपूर्ण आयोजन किया गया। बाड़ी माताजी भक्त मंडली एवं श्याम ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ बालाजी मंदिर के मुख्य उपासक घीसालाल महाराज द्वारा विधिवत किया गया। मानवता की सेवा को समर्पित इस शिविर में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसके फलस्वरूप कुल 44 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर की विशेष बात यह रही कि इसमें 3 दंपतियों सहित अनेक युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर रक्तदान-महादान का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ मीडिया कर्मी सतीश चन्द्र लुणावत ने अपनी धर्मपत्नी के साथ मिलकर तीसरी बार (तथा व्यक्तिगत रूप से 42वीं बार) रक्तदान कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्त संग्रहण का कार्य श्री श्याम ब्लड बैंक की डॉ. अपेक्षा कुमारी व महावीर मीणा के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने सुचारू रूप से संपन्न कराया। शिविर में उपस्थित बाड़ी माताजी तीर्थ धाम की मुख्य सेविका कृष्णा टाक, राजेंद्र टाक, अशोक टाक, डॉ. नितिन दरगड़, वरिष्ठ पत्रकार टीकम हेमनानी सहित विश्व हिंदू परिषद एवं स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

उपखण्ड अधिकारी की कार्यशैली को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

प्रथम चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य के चुनाव समाप्ति के बाद मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री जमा कराने के समय उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सिरवी की कार्यशैली को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने नाराजगी जताई है। महासंघ के प्रदेश संयुक्त सचिव रामधन बैरवा सहित कार्मिकों ने शाहपुरा उपखण्ड अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार को मुख्यमंत्री, मुख्य राज्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भीलवाड़ा के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उपखण्ड अधिकारी सिरवी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

प्रदेश संयुक्त सचिव बैरवा ने बताया कि 22 अक्टूबर 26 को पंचायत समिति सुवाणा क्षेत्र के जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य के मतदान समाप्त होने के बाद बूथ वार मतदान दल के कार्मिक ईवीएम व वीवीपेट सहित रिकार्ड जमा कराने के लिए करीब सायं 7 से 8 बजे के मध्य पोलोटेक्निक कॉलेज भीलवाड़ा पहुंच गये थे।



मतदान दल के कार्मिक ने बूथ वार ईवीएम सहित समस्त सामग्री को रात्रि 10 बजे तक निर्धारित काउन्टर जमा करवा दी गई थी। इसके बावजूद उपखंड अधिकारी सिरवी ने सामग्री जमा होने की प्राप्ति देने से मना कर दिया। मतदान अधिकारियों द्वारा आग्रह किया गया कि कार्मिकों को रात्रि विश्राम की आवश्यकता है। यहां पर बैठने की भी पर्याप्त व्यवस्था नही है । ना ही टेंट की व्यवस्था है। मौसम भी ठंडा होने से सर्दी भी लग रही है। सभी मतदान केन्द्रों की सामग्री जमा हो गई है। कृपया मतदान केन्द्र जाने की अनुमति देवे। परन्तु उपखंड अधिकारी द्वारा कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की धमकी दी गई। जिससे मतदान दलों के कार्मिकों को हताश होना पड़ा। इस प्रकार कार्मिकों परेशानियों के चलते रात्रि 1 बजे का समय निकल गया। आखिर मजबूरन मतदान दल के कार्मिकों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायत करने की चेतावनी दी गई। जब जाकर उपखंड अधिकारी ने आनन फानन में कार्मिकों को मतदान केन्द्र जाने की अनुमति दी। उसके बाद रात्रि 2 से 3 बजे के मध्य मतदान केन्द्र पर पहुंचे। इस तरह मतदान कार्मिकों को अकारण तीन घंटे रोक कर परेशान किया जाना न्यायोचित नही है। ज्ञापन के समय श्यामलाल शर्मा, सांवर लाल रेगर , उदयशंकर, शंकर लाल सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

नागदी बांध मोड़ पर हादसों के बाद भी सुरक्षा के नाम पर खानापूर्ति!

बांध में गाडियों को गिरने से रोकने के पुख्ता इंतजाम अब भी नदारद





✍ **भगवत सिंह टाक**
लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर

नागदी बांध का खूबसूरत नजारा देखने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र बना यह मोड़ अब लोगों के लिए मौत का खतरा बनता जा रहा है। यहां लगातार हो रहे हादसों को लेकर दैनिक लोकजीवन ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया। खबर प्रकाशित होने के बाद बांध के उस हिस्से में, जहां से अनियंत्रित वाहन सीधे पानी में जा रहे हैं, सड़क किनारे मिट्टी के ढेर लगा दिए गए हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल मिट्टी के ढेर लगाकर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेंगे? या फिर लोगों की जान बचाने के लिए वास्तव में ठोस सुरक्षा इंतजाम भी किए जाएंगे?

दैनिक लोकजीवन में खबर प्रकाशित होने के बाद बांध के किनारे मिट्टी के ढेर लगाए जाने की कार्रवाई सामने आई है। यह कदम अस्थायी तौर पर वाहनों के बांध में गिरने की आवाजाही को प्रभावित कर सकता है, लेकिन क्या यह तेज रफ्तार या अनियंत्रित वाहन को बांध में गिरने से रोकने के लिए पर्याप्त है? मिट्टी के ढेर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था का विकल्प नहीं हो सकते। बारिश, कटाव या वाहनों के दबाव से इनके हटने अथवा कमजोर पड़ने की आशंका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि कोई वाहन तेज गति से अनियंत्रित हो जाए, तो केवल मिट्टी का ढेर उसे रोक पाएगा या नहीं, यह बड़ा सवाल है।

तीन हादसे, दो मौतें और 22 लोग घायल—फिर भी सबक अधूरा!

पिछले 15 दिनों में नागदी बांध मोड़ पर तीन हादसे हो चुके हैं। इन दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई, जबकि 22 लोग घायल हुए। हादसों के ये आंकड़े किसी भी जिम्मेदार व्यवस्था को झकझोरने के लिए काफी हैं। इसके बावजूद अब तक ऐसे स्थायी सुरक्षा इंतजाम नजर नहीं आ रहे, जो अनियंत्रित वाहनों को बांध के पानी में जाने से रोक सकें। हालिया हादसे में कार के बांध के पानी में गिरने और एक युवक की मौत की घटना ने एक बार फिर इस मोड़ की खतरनाक स्थिति को उजागर किया। इससे पहले भी यहां दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रहे हादसे बता रहे हैं कि समस्या केवल वाहन चालकों की लापरवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क की बनावट, मोड़ की स्थिति और सुरक्षा इंतजामों की भी गंभीरता से समीक्षा जरूरी है।

आखिर जिम्मेदार विभाग को किस हादसे का इंतजार?

नागदी बांध मोड़ पर हो रही दुर्घटनाओं के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिम्मेदार विभाग स्थायी सुरक्षा इंतजाम कब करेगा? क्या किसी और परिवार के घर मातम छाने के बाद ही चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, मजबूत ेश बैरियर और अन्य जरूरी सुरक्षा उपाय लगाए जाएंगे? इस मोड़ पर पर्याप्त दूरी से दिखाई देने वाले चेतावनी बोर्ड, रात में स्पष्ट नजर आने वाले रिफ्लेक्टर, गति नियंत्रित करने के उपाय और सड़क के खतरनाक हिस्से पर मजबूत ेश बैरियर लगाए जाने की जरूरत है। साथ ही सड़क की बनावट और मोड़ की तकनीकी स्थिति का निरीक्षण कर विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

खूबसूरती के साथ सुरक्षा भी जरूरी

नागदी बांध का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। लेकिन यही खूबसूरती तब भयावह रूप ले लेती है, जब यहां आने वाले लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। बांध के आसपास घूमने आने वाले लोगों और इस रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालकों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है।

निःशुल्क स्वर्ण प्राशन और आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के राजकीय आयुर्वेद औषधालय बापूनगर द्वारा सोमवार को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 0 से 16 साल तक के पौने तीन सौ बच्चों को सुबह 9 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क स्वर्णप्राशन दवा पिलाई गई।

शिविर में डॉ उगन्ता मीणा (शिशु रोग विशेषज्ञ) द्वारा थायराइड, खांसी जुकाम, बालों का झड़ना, जोड़ो का दर्द, घुटनों का दर्द, गठिया रोग, तान आना, बिस्तर में पेशाब करना, सेरिब्रल पाल्सी, खुजली एलर्जी, भूख न लगना, श्वास, अस्थमा, यौन रोग, निःसन्तानता, सफेद दाद, पथरी आदि पर निशुल्क परामर्श दिया जाएगा । डॉ. मीणा ने बताया कि स्वर्णप्राशन का 6 माह तक नियमित सेवन करने से बच्चों की स्मरण शक्ति तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। किसी बच्चे का अपने उम्र



के साथियों की तुलना में विकास (जैसे चलना, बोलना, या सामाजिक कौशल) को हासिल करने में देरी होना ऐसे बच्चों के लिए बापूनगर औषधालय पर निशुल्क पंचकर्म थेरेपी भी की जाती है। शिविर में बी. पी. एवं शुगर की जांच निःशुल्क की जायेगी।

नवीन पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में मंद-मंद मुस्काते भोले

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, इंदौर

विकासखण्ड स्तर पर 5 दिवसीय नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विषयवार प्रशिक्षण में पाठ्यक्रम में बदलाव, कक्षा में अध्यापन पर आने वाली जटिलताओं और उसके निदान को लघु कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षकों के बीच साझा किया गया।

इस दौरान प्रशिक्षण में सहभागिता कर रहे वरिष्ठ शिक्षक कार्तिकेय त्रिपाठी नें उपस्थित मुख्य प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती रश्मि गोले और प्रशिक्षणकर्ता मोहन बछाने , राजेन्द्र यादव, प्रभुलाल चौधरी, सुनील चौहान, कविता गौर, भावना परवाल को अपने स्वरचित काव्य संग्रह.. मंद-मंद मुस्काते भोले की प्रतियां भी स्नेह भेंट की। त्रिपाठी जी की इस चर्चित हो रही पुस्तक



में भगवान शिव पर केन्द्रित 208 कविताएं समाहित हैं। इस काव्य संग्रह में हिन्दी व्याकरण व चिन्ह..विलोम शब्द, समानार्थी शब्द तद्भव शब्द,पुनरोक्त शब्द व योजक चिन्ह, विस्मयादिबोधक, उद्धरण आदि चिन्ह का कविताओं में प्रयोग किया गया है जिसका प्रयोग कर अध्यापन को रुचिकर बनाया जा सकता है। इस गौरवपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन इस शपथ के साथ हुआ की इन नवीन गतिविधियों का संचालन हम अपने विद्यालय में करेंगे।

सांझ-सवेरे भोले



सांझ-सवेरे मन ये मेरा,
भोले-भोले जपता है,
अक्षर-अक्षर शिव के रंग में,
होले-होले तपता है।
सांझ-सवेरे ....
जब-जब धरा का मौसम बदले,
रोम-रोम खिल जाते हैं,
कण-कण में भोले के निखरे,
रूप नजर आ जाते हैं।
सांझ-सवेरे ....
जब-जब हम भोले से मिलते,
मन का साज जवां होता है,
भोले ही तन-मन में होते,
फिर कोई और कहां होता।
सांझ-सवेरे .....
भोले की सुध में डूबा मन,
पल-पल डुबकी लेता है,
पलक झपकती है पल-पल,
मन बोलते-बोलते कहता है।
सांझ-सवेरे ...
तेरा-मेरा जीवन सारा,
मंद-मंद मुस्काता है,
डूब के भोले की भक्ति में,
जीवन सारा तर जाता है।
सांझ-सवेरे ...

(290/348 वां मनका)
कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर इन्दौर (म.प्र.)

महिला सहित चार की मौत, कहीं खेत में सांप का डसना तो कहीं पेड़ से गिरकर मौत

भीलवाड़ा। जिले में हुए अलग-अलग हादसों ने चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। कारोई थाना क्षेत्र के रामदेवनगर, भूणास निवासी सुमित्रा (37) खेत पर गेहूं की पिलाई कर रही थी, तभी सांप के डसने से उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई।

रखरखाव के अभाव में जगह-जगह से क्षतिग्रस्त नहर, पानी छोड़े जाने पर रिसाव के साथ नहर के टूटने का खतरा

टूटी दीवारें और पसरा कचरा फिर भी सिंचाई विभाग कर रहा मेजा बांध का पानी नहर में छोड़ने की तैयारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर की जीवन रेखा कहे जाने वाले मेजा बांध से एक बार फिर से खेतों को सींचने के लिए पानी छोड़ने की तैयारियां सिंचाई विभाग द्वारा की जा रही हैं। लेकिन, विडंबना यह है कि पानी छोड़ने से पहले बांध की मुख्य और वितरक नहरों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। मेजा बांध की नहरें इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। रखरखाव के अभाव में नहरें जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और उनमें भारी मात्रा में गंदगी व कचरा अटा पड़ा है। वर्तमान में मेजा बांध की नहरों की स्थिति काफी खराब है। देखरेख के अभाव में नहरों के अंदर और आसपास लंबी घास, झाड़िया और बबूल के पेड़ उग आए हैं। कई जगह पक्की दीवारें और संरचनाएं टूट चुकी हैं, जिससे पानी छोड़े जाने पर रिसाव होने या नहर के टूटने का खतरा मंडरा रहा है।



पॉलीथिन और कचरे से अटा सिस्टम

नहरें जल प्रवाह का मार्ग होने के बजाय कचरा पात्र बन चुकी हैं। इनमें चारों तरफ प्लास्टिक की थैलियां, घरेलू कचरा और मलबा बिखरा हुआ है। जल निकासी के पाइपों और रास्तों के आगे गंदगी के ढेर लगे होने के कारण पानी का सुचारू रूप से आगे बढ़ पाना असंभव नजर आ रहा है। यदि समय रहते इस कचरे को साफ नहीं किया गया, तो पानी टेल एंड तक पहुंचने से पहले ही या तो रास्ते में रुक जाएगा या क्षतिग्रस्त दीवारों से बहकर बर्बाद हो जाएगा।



किसानों की बढ़ी चिंता, विभाग मौन

जैसे-जैसे सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने की सुगबुगाहट तेज हो रही है, वैसे-वैसे अन्नदाताओं की चिंताएं भी बढ़ने लगी हैं। किसानों का कहना है कि हर साल कागजों में सफाई और मरम्मत के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर हालात जस के तस बने रहते हैं। यदि टूटी हुई नहरों और मलबे के साथ पानी छोड़ा गया, तो खेतों तक पानी पहुंचना तो दूर, आसपास की बस्तियों और रास्तों में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाएगी। अब देखना यह होगा कि क्या सिंचाई विभाग नींद से जागकर पानी छोड़ने से पहले इन नहरों की सुध लेता है या फिर किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिए भगवान भरोसे छोड़ दिया जाएगा?

भोजन के साथ टीवी सेहत से बेवफाई



थाली में पकवान सजे हैं, आँखें टीवी पर अटकी,
निवाला मुँह तक आता है, सुध-बुध कहीं भटकी।
कभी समाचार-धारावाहिक, मूवी का शोर मचता,
खाने का स्वाद न मिलता, ध्यान कहीं नहीं रहता।
खाना सिर्फ पेट भरना नहीं, ये जीवन का आधार,
हर निवाला स्वाद समझना, सेहत का यह उपहार।
बैठो शांत, सुकून के संग, भोजन का करें सम्मान,
टीवी को थोड़ी छुट्टी देकर, अपनों से करें संवाद।
जल्दी-न हड़बड़ी में खाओ, हर कौर खूब चबाओ,
स्वाद व संतुलन सेहत का, थाली में मेल बिठाओ।
मोबाइल व टीवी छोड़ो यार, भोजन को दो समय,
स्वस्थ शरीर का मंत्र, च्सजगज रहों जीवन सुखमय।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर